सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 14.03.2024

धोखाधडी कर रुपयों की ठगी करने वाले 01 वांछित अभियुक्त को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार ,

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में *थाना फ्रेंण्डस कालोनी* पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरण:-

वादिनी मिथलेश कुमारी पत्नी बहोरन सिंह निवासी मोहल्ला अशोक नगर पुरानी पीएसी गली थाना फ्रेंण्डस कालोनी जनपद इटावा द्वारा थाना फ्रेंण्डस कालोनी पर तहरीरी सूचना दी गयी कि मुकेश यादव आदि 03 व्यक्तियों द्वारा जानबूझकर वादिनी के साथ धोखाधडी कर अन्य व्यक्ति की जमीन पर कब्जाकर बैनामा कराने के नाम पर 1,50,000/- रुपये हडप लिये । सूचना पर तत्काल थाना फ्रेंण्डस कालोनी पर **मु0अ0सं0 60/2024 धारा 406/420/467/504/506 भादवि** पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण:-

अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 14.03.2024 को थाना फ्रेंण्डस कालोनी पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर **मु0अ0सं0 60/2024 से संबंधित अभियुक्त मुकेश यादव पुत्र अजब सिंह को मंडी पुल के पास से समय 16.05 बजे गिरफ्तार किया गया।**

गिरफ्तार अभियुक्त-

01. मुकेश यादव पुत्र अजब सिंह निवासी अशोक नगर पीएसी गली जनपद इटावा उम्र 40 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 60/2024 धारा 406/420/467/504/506 भादवि थाना फ्रेंण्डस कालोनी जनपद इटावा।

पुलिस टीम- निरी0 श्री दिवाकर प्रसाद सरोज प्रभारी निरीक्षक थाना फ्रेंण्डस कालोनी, उ0नि0 गंगासागर, का0 गोपाल पाठक।